प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

30.04.2026 / प्रादेशिक समाचार / 15:00बजे

सुरक्षा शिखर सम्मेलन

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने विश्व को यह संदेश दिया है कि भारत किसी भी परिस्थिति में किसी भी आतंकवादी गतिविधि को बर्दाश्त नहीं करेगा। नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय सुरक्षा शिखर सम्मेलन के दूसरे चरण में उन्होंने कहा कि देश अब उस पुरानी मानसिकता के साथ आगे नहीं बढ़ता, जहां हमारी धरती पर आतंकवादी हमले होते रहे और हम केवल कूटनीतिक बयान जारी करते रहे। राजनाथ सिंह ने आतंकवाद और उसके प्रायोजकों के बीच कोई भेद न करने की सरकारी नीति को दोहराया। रक्षा मंत्री ने बताया कि वित्त वर्ष 2025–26 में भारत का रक्षा निर्यात रिकॉर्ड 38 हजार 4 सौ 24 करोड़ रुपये तक पहुंच गया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 62 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्शाता है। उन्होंने कहा कि ए.आई. लैब की स्थापना जैसी पहलें तकनीकी क्रांति में अग्रणी बने रहने के लिए भारत की प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं।

दीक्षांत समारोह

चौधरी सरवण कुमार कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर ने आज अपना 17वां दीक्षांत समारोह आयोजित किया। राज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने शिमला स्थित लोक भवन से दीक्षांत समारोह को वर्चुअल माध्यम से संबोधित किया। उन्होंने युवा वैज्ञानिकों से अनुसंधान के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित करने का आह्वान किया ताकि किसानों को वैज्ञानिकों द्वारा किए गए कार्यों का सीधा लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिकों द्वारा किए गए शोध किसानों के खेत–खलियानों तक पहुंचने चाहिए ताकि कृषि उत्पादकता को मज़बूती मिल सके। राज्यपाल ने इस मौके पर पदक विजेताओं को बधाई दी और कहा कि वे अपने ज्ञान का इस्तेमाल समाज व राष्ट्र निर्माण के कार्यों में करें।

राहुल गांधी

कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष व लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी आज कांगड़ा में कांग्रेस पार्टी के प्रशिक्षण शिविर में कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे हैं। इस शिविर में हिमाचल के अलावा पंजाब और जम्मू–कश्मीर के ज़िला कांग्रेस अध्यक्ष भाग ले रहे हैं। ये शिविर 21 अप्रैल को शुरू हुआ था और आज इसका अंतिम दिन है। शिविर में संगठन की मजबूती और आगामी चुनावों की रणनीति पर चर्चा की जा रही है। राहुल गांधी के दौरे को लेकर कांगड़ा में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

सुधीर शर्मा

पूर्व मंत्री व भाजपा विधायक सुधीर शर्मा ने कहा है कि धर्मशाला नगर निगम चुनाव के लिए पार्टी ने युवा नेताओं को प्राथमिकता दी है और भाजपा द्वारा जल्द ही घोषणा पत्र जारी कर दिया जाएगा। धर्मशाला में आज एक पत्रकार वार्ता में उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार ने धर्मशाला शहर में विकास कार्य ठप करवा दिए हैं और विकास के नाम पर कुछ भी नहीं किया गया है। सुधीर शर्मा ने कहा कि भाजपा ने ऐसे युवा व कर्मठ उम्मीदवारों को टिकट दी है जो नगर निगम का सही मायनों में विकास करवा सकते हैं।

शेखावत–सोमनाथ पर्व यात्रा

केन्द्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि सोमनाथ मंदिर भारत के आत्मसम्मान दृढ़ता और अदम्य भावना का प्रतीक है। शेखावत ने आज नई दिल्ली में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व यात्रा का उद्‌घाटन करते हुए कहा कि यह पहल लोगों को भारत के अतीत और हार के बाद भी फिर से उठने की पूर्वजों की भावना से प्रेरणा लेने के लिए प्रेरित करेगी। सोमनाथ स्वाभिमान पर्व यात्रा के तहत लगभग एक हजार 3 सौ श्रद्धालुओं को लेकर एक विशेष रेलगाडी गुजरात के सोमनाथ मंदिर के लिए रवाना हुई। यह आयोजन सोमनाथ मंदिर के प्रति अटूट आस्था और भक्ति के एक हजार वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में किया गया है।

शाह गुरू अमर दास

सिक्खों के तीसरे गुरू श्री गुरू अमर दास जी महाराज की आज जयंती है। इस मौके पर केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने देशवासियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने सिख गुरु को स्मरण करते हुए कहा कि उन्होंने मानवता को अहंकार का त्याग करने और सेवा, समर्पण और ईश्वर के नाम के स्मरण के मार्ग को अपनाने के लिए प्रेरित किया। अमित शाह ने समाज में महिलाओं के सम्मान और समान अधिकारों को सुनिश्चित करने में गुरु अमरदास द्वारा उठाए गए क्रांतिकारी कदमों का भी उल्लेख किया। उन्होंने यह भी कामना की कि गुरु साहब का दिव्य जीवन और उनके उच्च्व आदर्श मानव जाति के लिए प्रेरणा का शाश्वत स्रोत बने रहेंगे।